सराहनीय कार्य पेपर कटिंग बरेली जोन दिनांक 21.02.2026

जनपद बरेली

Amar Ujala e-paper cutting page – 06

झारखंड की महिला और उसका दामाद गिरफ्तार, अफीम बरामद

भमोरा पुलिस और एएनटीएफ ने की कार्रवाई, पंजाब में सप्लाई देने जा रहे थे आरोपी

भमोरा। झारखंड निवासी महिला बदायूं निवासी दामाद के साथ अफीम तस्करी करती पकड़ी गई। भमोरा पुलिस के साथ विशेष टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दस किलो अफीम बरामद की गई है। आरोपी पंजाब में सप्लाई देने जा रहे थे।

भमोरा थाना प्रभारी सनी चौधरी ने बताया कि थाना पुलिस व एएनटीएफ यूनिट की टीम अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वाले गिरोह के बारे में जानकारी जुटा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बदायूं के बिनावर थाने के गांव सिरसवां निवासी प्रेम गिरि व झारखंड के जिला चतरा के गांव बेलहर निवासी धर्मी देवी पत्नी भिखारीलाल को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दस किलो अफीम, एक मोबाइल फोन, एक रेलवे टिकट व 1190 रुपये बरामद किए गए।

आरोपियों को थाने लाकर एसओ सनी चौधरी व एएनटीएफ प्रभारी विकास यादव ने पूछताछ की। दोनों आरोपियों ने अफीम तस्करी करना स्वीकार किया। प्रेम गिरि ने बताया कि धर्मी देवी रिश्ते में उसकी सास लगती है। वह झारखंड से सस्ती अफीम लाकर उसे देती है। इसे वह पंजाब में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया, कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। एसओ ने बताया दोनों के मोबाइल की जांच की जा रही है, इनके कोई और साथी होंगे तो पता लगाया जाएगा। संवाद